# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Sixteenth Session )

Questions For Oral Answer

## Tuesday, 22nd August, 2017/ 31st Sharavna, 1939 (Saka)

----

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].

Total No. of Questions - 17

----

### Inland Water Transport

*4088 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Department of transport through Inland Waterways Authority of India (IWA), Ministry of Shipping, Government of India has engaged a consultant to carryout feasibility analysis on the three reservoirs of the State i.e. Bhakra Dam, Kol Dam and Chamera Dam for running of Inland Water Transport; and

(b) if not, reasons thereof?

----

### लघु सचिवालय

*4089 **डॉ0 अनिल धीमान (भोरंज):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक भोरंज लघु सचिवालय में कौन-कौन से कार्यालय

कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) ऐसे कौन-कौन से कार्यालय हैं जिन्हें इस सचिवालय में स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है परन्तु वे अभी तक भी स्थानांतरित नहीं हुए हैं; ब्यौरा कार्यालयों का स्थानांतरित न करने के कारणों सहित दें?

----

## अनाज मण्डी की स्थापना

***4090 श्री मनोहर धीमान(इन्दौरा) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार कब तक अनाज मण्डी स्थापित करने का विचार रखती है?

----

## भूमि का हस्तांतरण

***4091 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक जिला कुल्लू में कितने तथा कौन-कौन से शिक्षण संस्थान हैं जिनके भवन का निर्माण वन भूमि पर हुआ है और परिसर पर शिक्षा विभाग का वर्षों से कब्जा है; ब्यौरा दें; और

(ख) शिक्षा विभाग ने भारत सरकार की नीति अनुसार ऐसी भूमि को शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरित करने हेतु कब-कब और कितने मामले वन मण्डल अधिकारी कुल्लू को भेजे हैं; कितने मामलों में भूमि शिक्षा विभाग के नाम हो चुकी है और कितने लम्बित पड़े हैं; शेष मामलों में भूमि को कब तक शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरित किया जाएगा?

----

## Electronic Meters

***4092 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that in the month of January, 2013 the H.P.S.E.B had purchased medium supply consumer (III Phase) electronic meters from Himachal Energy Solar Company;

(b) if yes, how much amount was spent; and

(c) whether these meters have been installed by the Board or not?

----

## आयुर्वेदिक औषधालय में रिक्तियां

***4093 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में सरकार द्वारा कितने नये आयुर्वेदिक औषधालय खोले गए; ब्यौरा जिलावार औषधालयों के नाम सहित दें; और

(ख) दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक प्रदेश में कितने आयुर्वेदिक औषधालय कार्यरत हैं इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं व इनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा पदों का श्रेणीवार दें; सरकार द्वारा इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा ?

----

## सड़कों की मैटलिंग/टारिंग

***4094 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी किलोमीटर नई सड़कें बनाई गईं और कितनी किलोमीटर मैटलिंग व टारिंग की गई और इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## पाइपों का क्रय

***4095 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से 31 दिसम्बर, 2016 तक सरकार द्वारा प्रदेश में विभिन्न डाया की कितनी-कितनी पाइपें किन-किन मण्डलों को क्रय की गई; और

(ख) इस अवधि में सरकाघाट मण्डल को किन-किन फर्मों से कितने-कितने मूल्य की तथा किस-किस डाया की पाइपें क्रय की गईं; ब्यौरा क्रय की गई पाइपों का फर्मवार दें ?

----

## पुलों की डी0पी0आरज़0

***4096 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में कितनी सड़कों एवं पुलों की DPRs कब-कब से लम्बित

पड़ी हैं; इनकी अद्यतन स्थिति से अवगत करवाएं?

----

## First Referral Unit Nalagarh

***4097 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the number of general duty Doctors and Specialists in various categories in FRU Hospital Nalagarh;

(b) what is the number of para-medical staff presently working in different institutions in Nalagarh Assembly Constituency;

(c) how many posts are vacant category-wise and by when these will be filled up; details be given;

(d) whether the Government proposes to increase the sanctioned strength of staff in different institutions in view of increase in OPD due to increase in Industrial activities; and

(e) by when the Trauma Center will be set up in the Nalagarh hospital?

----

## सड़क निर्माण

***4098 श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या बैजनाथ-चोवीन-कुणी-ढडोल सड़क, बैजनाथ-चोवीन-ग्वाल-संसाई सड़क एवं विनवा खड्ड पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## Yatri Niwas

***4099 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of transfer of land for construction of Yatri Niwas at Bhalai;

(b) what is the estimated cost of the project; and

(c) by when the work is likely to start?

----

## उप न्यायाधीश कार्यालय की स्थापना

***4100 डॉ0 अनिल धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भोरंज नागरिक उप-मण्डल के अन्तर्गत उप-न्यायाधीश कार्यालय खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्यालय कब तक खोल दिया जाएगा ?

----

## ट्रैफिक व्यवस्था

***4101 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि इस वर्ष पर्यटन सीजन में बजौरा से लेकर मणीकर्ण और मनाली जाने वाले पर्यटकों को घण्टों ट्रैफिक जाम में फंसे रहना पड़ा तथा पुलिस विभाग पूर्णतः ट्रैफिक को नियंत्रित करने में विफल रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या विभाग ने ट्रैफिक जाम से निजात हेतु कोई योजना बनाई है; विवरण दें?

----

## भवनों का रख-रखाव

***4102 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक प्रदेश में कितनी प्राथमिक पाठशालाएं ऐसी हैं जो बंद पड़ी हैं व उनके भवन खाली पड़े हैं; और

(ख) इन भवनों के रख-रखाव हेतु सरकार ने क्या नीति बनाई है; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकताएं

***4103 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 12वीं विधान सभा के दौरान दी गई विधायक प्राथमिकताओं की सूची सभा पटल पर रखें;

(ख) इस अवधि में कितनी प्राथमिकताओं को धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा कार्य के नाम व धनराशि सहित दें;

(ग) कितनी प्राथमिकताओं की डी0पी0आरज़0 बनी हैं, परन्तु धनराशि स्वीकृत नहीं की गई; और

(घ) कितनी प्राथमिकताओं का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं किया गया; ब्यौरा दें?

----

## जल आपूर्ति योजना

***4104 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि जिला ऊना के चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रिणोह मिसरां जल आपूर्ति योजना का माननीय मुख्य मन्त्री द्वारा कब शिलान्यास किया गया; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

**शिमला: 171004.**
**दिनांक: 5 अगस्त, 2017.**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**